आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 13.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- कुमाऊं मंडल में खड़ी होली का उत्सव चरम पर, बाजारों में होली की जबरदस्त रौनक।
- चमोली जिले में इस बार नशा मुक्त होली के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो, प्रदेश में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चला रहा है।
- मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

कुमाऊं होली

उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली का उत्सव अपने पारंपरिक रंग में ढल चुका है। फाल्गुनी उल्लास अपने चरम पर है, और गांवों–कस्बों में बैठकी होली के मधुर रागों के बाद अब खड़ी होली की धुनें गूंज रही हैं। हमारी संवाददाता ने बताया है कि पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप और रंगों की बौछार के बीच पर्वतीय अंचल पूरी तरह होलीमय हो गया है।

माघ माह की बसंत पंचमी से शुरू हुई बैठकी होली का समापन रंगों के उल्लास के साथ होने जा रहा है। बीते एक महीने से मंदिरों, चौपालों और घरों में शास्त्रीय रागों पर आधारित होली गायन की परंपरा निभाई जा रही थी, जिसमें भक्ति और श्रृंगार रस के गीतों की गूंज थी। अब खड़ी होली का जोश हर ओर दिखाई दे रहा है।

अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के गांवों और कस्बों में पारंपरिक होली गायन की धूम मची है। होलियार पारंपरिक वेशभूषा में ढोल और मंजीरों की थाप पर नृत्य करते हुए होली के गीत गा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कुमाऊं की यह होली चंद राजाओं के समय से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। इसे संजोने के लिए हर साल पारंपरिक होलियार इस उत्सव में शामिल होते हैं।

नशा मुक्त होली

चमोली जिले में इस बार होली को नशा मुक्त मनाने के लिए केन्द्रीय सामाजिक न्याय मंत्रालय की ओर से व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कूलों के छात्र–छात्राएं, सांस्कृतिक दल और महिलाएं भाग ले रही हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी, धनंजय लिंगवाल ने कहा जिले में नशा मुक्त होली के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। यह अभियान खासकर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए है।

चमोली जिले में नशा मुक्त होली की अपील के साथ ही इस बार होली का पर्व और भी खास बन रहा है, जिसमें लोग मिल—जुल कर नशा मुक्त और स्वास्थ्यवर्धक तरीके से होली मना रहे हैं। यह पहल चमोली जिले को एक स्वस्थ, खुशहाल और सुरक्षित होली बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित हो रही है।

<u>होली बाजार रौनक</u>

रंगो के त्योहार होली को लेकर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। जगह—जगह रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजी हुई हैं, तो वहीं मिठाइयों की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। बच्चों के लिए अनोखी और रंग—बिरंगी पिचकारियां इस बार भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं, राजधानी देहरादून में होली की धूम है और होली के उत्पादों की खूब बिक्री हो रही है। बाजारों में बच्चों से लेकर बड़े लोगों के लिए तमाम तरह की पिचकारी, रंग—गुलाल, मुखौटे, आदि बिक रहे हैं। खरीददारी कर रहे लोगों का मानना है कि होली रंगों का त्योहार है, लेकिन इसे शालीनता और सभ्यता के साथ मनाना चाहिए। साथ ही होली पर अनावश्यक हुड़दंग से बचना चाहिए, ताकि सभी इसे खुशी और प्रेम के साथ मना सकें।

<u>भारतीय मानक ब्यूरो</u>

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो— बीआईएस की ओर से प्रदेश में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस, क्वालिटी कनेक्ट कैंपेन ऑफ द गवर्नमेंट ऑफिशियल थीम पर आयोजित किया जा रहा है। बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मानक मित्रों की मदद से राज्यभर के सरकारी दफ्तरों में जागरूक अभियान चलाए जा रहे है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से बीआईएस केयर एप्लिकेशन को डाउनलोड कर, इसके जरिए उत्पादों की गुणवता को ध्यान में रख, खरीददारी का का आह्वान किया।

<u>सशक्त</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत, सशक्त भारत विजन को साकार करने के लिए उत्तराखंड सरकार ने फिट उत्तराखंड अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ईट राइट इंडिया अभियान को प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू करने की घोषणा की है। इसके तहत कम तेल, कम चीनी और कम नमक के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ ही स्वस्थ आहार की आदतें विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है और संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

सचिवालय परिसर, सुद्धोवाला जेल और पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी को ईट राइट कैंपस के रूप में प्रमाणित किया गया है। अन्य विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सभी शिक्षण संस्थानों और विभागों को अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईट राइट इंडिया अभियान गैर–संचारी रोगों जैसे मधुमेह, हृदय रोग और मोटापे की रोकथाम में मदद करेगा। इसके तहत युवाओं, शिक्षकों, अभिभावकों और आमजन को संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक विभिन्न स्थानों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, आज और कल राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद, शनिवार से सोमवार तक उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, और बागेश्वर के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी इस दौरान बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन पांच दिनों के दौरान राज्य के उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। विशेष रूप से, 16 और 17 मार्च को चमोली, पिथौरागढ़, और बागेश्वर के तीन हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हो सकती है।

दुर्घटना जांच

देहरादून में राजपुर रोड पर कल रात साईं मंदिर के पास जिस वाहन की टक्कर से चार लोगों की मृत्यु हुई थी, पुलिस ने उस वाहन को बरामद कर लिया है। पुलिस की कई टीमों ने रातभर सघन सर्च व चेकिंग अभियान के दौरान सहस्त्रधारा क्षेत्र में खाली प्लॉट से इस वाहन को बरामद किया। पुलिस के अनुसार वाहन स्वामी के संबंध में पूरी जानकारी मिल गयी है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी जाएगी। इस बीच, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना और पीड़ितों के परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने चिकित्सकों को उनके समुचित इलाज के आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।